
QRickit

0125CH05



# 5 कितने?

## दादाजी के साथ सैर









चित्रों को देखने के पश्चात बच्चों को कहानी सुनाने के लिए कहें। बच्चों से पूछें कि वे उद्यान (पार्क) में क्या करते हैं, कौन-सा खेल खेलते हैं? अपने बड़ों, जैसे— दादा-दादी, नाना-नानी इत्यादि के साथ किस प्रकार बातचीत करते हैं। उद्यान में एकत्र होने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि के विषय में चर्चा करें। उदाहरण के लिए, पहले चित्र में कितने बच्चे खेल रहे हैं और कितने बच्चे बाद में आए? बच्चों से बातचीत करें कि बड़े-बूढ़ों के साथ समय क्यों बिताना चाहिए एवं उनके प्रति सम्मान दिखाने के तरीकों पर भी बात करें।



© NCERT not to be republished

## बताइए कुल कितने?



4 बच्चे और 2 बच्चे मिलकर होते हैं ___ बच्चे।

$4 + 2 = \square$



3 लट्टू और 1 लट्टू मिलकर होते हैं ____ लट्टू।

$3 + 1 = \square$



3 चींटियाँ और 2 चींटियाँ मिलकर होती हैं _____ चींटियाँ।

$3 + 2 = \square$



4 पेंसिलें और 3 पेंसिलें मिलकर होती हैं____ पेंसिलें।


$4 + 3 = \square$

बच्चों को ठोस वस्तुओं, जैसे— बोतल के ढक्कन, तीलियाँ, कंकड़ इत्यादि की सहायता से जोड़ के पर्याप्त अवसर दें। दो समूह की वस्तुओं को मिलाकर कुल वस्तुओं की मात्रा पता करना (एकत्रीकरण) और एक ही समूह में कुछ वस्तुएँ मिलाने के बाद कुल वस्तुओं की मात्रा पता करना (वृद्धि)। दोनों ही तरह के प्रश्नों पर अभ्यास कार्य करवाएँ।

© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25

## जोड़िए और खाली स्थान में कुल वस्तुओं का चित्र बनाइए।



6 गेंदें और 2 गेंदें मिलकर होती हैं ____ गेंदें।

$6 + 2 = \square$



$7 + 1 = \square$



## आओ करें

क. आपकी माताजी और पिताजी के कुल कितने भाई-बहन हैं?

ख. आपके और आपके मित्र के परिवार में कुल कितने सदस्य हैं?

ग. आपके हाथों और पैरों में कुल मिलाकर कितनी उँगलियाँ हैं?

घ. आप अपनी उँगलियों पर कुल कितनी वस्तुएँ गिन सकते हैं?

बच्चों को जोड़-संबंधी कथन समझने एवं बनाने के लिए प्रेरित करें। उदाहरण के लिए, 4 बच्चे एवं 2 बच्चे मिलकर होते हैं कुल 6 बच्चे। पहले ठोस वस्तुओं के साथ व बोलचाल की भाषा से शुरू करके 'जोड़ना', 'कुल' आदि शब्दों के अर्थ समझने में सहायता करें। इसके बाद ही प्रतीकों के साथ कार्य करें। शब्द 'जोड़ने' को '+' के साथ एवं बराबर को '=' के संकेत से जोड़िए।







© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25


## गिनती करें और उँगलियों की संख्या लिखें।




4 + 3 = 




3 + 2 = 



5 + 3 = 



4 + 0 = 




4 + 4 = 

© NCERT not to be republished



## आओ खेलें— पासे द्वारा जोड़ें

आप अपने मित्र के साथ दो पासों से खेलिए। दोनों पासों को एक साथ फेंके एवं दोनों पासों पर आए बिंदुओं को जोड़कर उनका कुल जोड़ बताइए। अब अपने मित्र को दोनों पासे एक साथ फेंकने के लिए कहिए और दोनों पासों पर आए बिंदुओं को जोड़िए। पता करिए कि किसका जोड़ अधिक है?





Reprint 2024-25


## आओ करें

किशोर और नित्या ने ऐसा ही खेल खेला एवं अपने प्राप्तांक (स्कोर) लिखे। चिह्न (✓) लगाकर पता कीजिए कि कितनी बार किशोर जीता और कितनी बार नित्या जीती।



|  | किशोर | नित्या |
|---|---|---|
| क. | ✓ |  |
| ख. |  |  |
| ग. |  |  |
| घ. |  |  |
| ङ. |  |  |









Reprint 2024-25


# मोती और लड़ियाँ

नीचे दी गई संख्याओं के अनुसार लड़ियों में पिरोए हुए मोतियों में रंग भरिए एवं रंग भरे हुए कुल मोती गिनिए।


3 + 4 = 




4 + 2 = 




5 + 4 = 



2 + 7 = 



7 + 3 = 



बच्चों को मोती की लड़ियों से खेलने के अवसर दें। जोड़ की प्रक्रिया पर चर्चा करें। बच्चों द्वारा अपनाई गई रणनीतियों पर चर्चा करें।




© NCERT not to be republished

# कूदिए और जोड़ पता कीजिए

4 + 2 =





3 + 2 =




5 + 3 =




6 + 3 =




© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

# अपने तरीके से जोड़िए

अब्दुल और रिहाना नीचे दिए गए तरीकों से संख्याएँ जोड़ रहे हैं। जोड़ पता करने के लिए उनकी सहायता कीजिए।



$$\begin{array}{r} 2 \\ +\ 3 \\ \hline \square \end{array}$$

2 + 3 = ______

$$\begin{array}{r} 5 \\ +\ 1 \\ \hline \square \end{array}$$

5 + 1 = ______

$$\begin{array}{r} 3 \\ +\ 3 \\ \hline \square \end{array}$$

3 + 3 = ______

$$\begin{array}{r} 9 \\ +\ 1 \\ \hline \square \end{array}$$

9 + 1 = ______


© NCERT not to be republished





Reprint 2024-25


## आओ करें

**क. खाली स्थानों में संख्या जोड़ लिखिए—**




कोणार्क सूर्य रथ का चक्र

**ख. जोड़िए और मिलान कीजिए—**

| | | |
|---|---|---|
| 1 + 4 | 5 | 4 + 2 |
| 6 + 3 | 6 | 3 + 4 |
| 5 + 2 | 7 | 3 + 2 |
| 0 + 6 | 9 | 5 + 4 |

## परियोजना कार्य

0 से 9 तक के दस संख्या कार्ड लीजिए।

कार्डों को इस प्रकार व्यवस्थित करिए जैसा कि बाज़ू में दिखाया गया है।

ऐसा करने के कई तरीके हो सकते हैं। आप ऐसा कितने तरीकों से कर सकते हैं?

☐ + ☐ = 9

☐ + ☐ + ☐ = 9

☐ + ☐ = 9

© NCERT not to be republished

## पढ़ो और जोड़ो

क. राघव के पास 4 शंख हैं एवं सरिता के पास 5 शंख हैं। दोनों के पास कुल कितने शंख हैं? ☐

ख. मीनाक्षी के पास 3 कंचे हैं एवं रंजीत के पास 6 कंचे हैं। दोनों के पास कुल कितने कंचे हैं? ☐

ग. एक थैले में तीन नारियल हैं। दूसरे थैले में 4 नारियल हैं। कुल कितने नारियल हैं? ☐

## आइए देखें, आपके बस्ते में क्या है?


क. मेरे बस्ते में ____ पुस्तकें हैं एवं मेरे मित्र के बस्ते में ____ पुस्तकें हैं। हमारे दोनों के बस्तों में ____ पुस्तकें हैं।

ख. मेरे पास ____ पेंसिलें हैं एवं मेरे मित्र के पास ____ पेंसिलें हैं। हमारे पास कुल मिलाकर ____ पेंसिलें हैं।

ग. मेरे पास ____ कॉपियाँ हैं एवं मेरे मित्र के पास ____ कॉपियाँ हैं। दोनों के पास कुल मिलाकर ____ कॉपियाँ हैं।

### सोचो और करो

दी गई तालिका में 1, 2 एवं 3 इस तरह लिखिए कि हर तरीके से जोड़ 6 ही आए।




यह गतिविधि दो बच्चों द्वारा जोड़ों में की जाएगी। वे पुस्तकें एवं पेंसिलें बाहर निकालेंगे एवं जोड़कर पता लगाएँगें कि कुल कितनी हैं। बच्चों को स्वयं प्रश्न बनाने एवं उन्हें हल करने के लिए प्रोत्साहित करें। पिछले पृष्ठ पर दिए गए चक्र (विश्व के सबसे पुराने सूर्य मंदिर जो कोणार्क, ओडिशा में स्थित है) के विषय में भी चर्चा करें।

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

# बस में बैठे बच्चे पाँच

बस में बैठे बच्चे **पाँच**
बैठे-बैठे रहे थे नाच।
एक उतरा घर के पास।
हाथ में मोती, माला, हार,
बस में हैं अब बच्चे **चार**।









बस में बैठे बच्चे **चार**,
पेड़ों से वो करते प्यार।
एक उतरा घर के पास।
बजी जोर-जोर से बीन,
बस में हैं अब बच्चे **तीन**।




बस में बैठे बच्चे **तीन**,
सभी बजाते धीरे बीन,
एक उतरा घर के पास।
घर को दौड़ लगाता वो
बस में हैं अब बच्चे **दो**।



© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

बस में बैठे बच्चे **दो**,
हल्ला करते हो-हो-हो।
एक उतरा घर के पास।
छोटा बच्चा हाथ में केक,
बस में रह गया केवल **एक**।







बस में बैठा बच्चा **एक**,
दिख रहा था सीधा नेक।
एक उतरा घर के पास
दादी है खड़ी वहीं,
बस में बच्चा; कोई नहीं।
मज़ा आ गया, ढम्मक-ढम,
कल मिलेंगे, फिर से हम।

## आओ बातचीत करें

क. शुरुआत में बस में कितने बच्चे थे?
ख. पहले स्टॉप पर कितने बच्चे बस से नीचे उतरे?
ग. पहले स्टॉप के बाद बस में कितने बच्चे शेष रह गए?
घ. दूसरे स्टॉप के बाद बस में कितने बच्चे शेष रह गए? तीसरे, चौथे और पाँचवे स्टॉप के बाद भी शेष बच्चे बताएँ?
ङ. अंत में बस में कितने बच्चे शेष बचे?

## परियोजना कार्य

आपके घर में कितने सदस्य हैं? इनमें से कितने सदस्य स्कूल जाते हैं? कितने सदस्य काम के लिए बाहर जाते हैं? कितने सदस्य घर पर रहकर काम करते हैं?

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25




## आओ करें

### कितने शेष बचे? खाली स्थान भरो।

क.







6 मेंढक | 2 मेंढक पानी में कूदे | बचे ______ मेंढक

6 – 2 = ______

ख.










7 गुब्बारे | ______ गुब्बारे उड़ गए | बचे 5 गुब्बारे

7 – 2 = ______

ग.







9 केले | 6 केले तोड़ लिए | बचे ______ केले

9 – 6 = ______

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25

# घटाइए और चित्र भी बनाइए

घ.   

____ गमले    ____ गमला टूट गया    बचे ____ गमले

3 − ____ = ____

ङ.   

7 लड्डू    4 लड्डू खा लिए    बचे ____ लड्डू

7 − 4 = ____

च.   

7 गेंदें    ____ गेंदें बच्चों ने लीं    बचीं ____ गेंदें

7 − ____ = ____

छ. मनीषा  के पास 9 केले  हैं। उसने 3 केले खा लिए। उसके पास कुल कितने केले बचे? ☐

ज. एक पेड़ पर 8 तितलियाँ  हैं। 5 तितलियाँ उड़ गईं। अब कितनी तितलियाँ बचीं? ☐


© NCERT not to be republished

## आओ करें

अपना एक दस बिंदु का कार्ड बनाइए एवं मित्र से कुछ बिंदु छिपा लीजिए। अपने मित्र से पूछिए कि कितने बिंदु छिपे हैं।



कितने बिंदु छिपे हैं और कितने बिंदु दिख रहे हैं?

| कुल 10 बिंदु | बिंदु छिपे हैं | बिंदु दिख रहे हैं |
|---|---|---|
|  | 0 | 10 |
|  | | |
|  | | |
|  | | |

## परियोजना कार्य


8 बिंदुओं का एक फ्रेम बनाइए। अपने भाई/बहन/साथी से कुछ बिंदु छिपा लीजिए एवं उनसे पूछिए कि कितने बिंदु दिखाई दे रहे हैं और कितने छिपे हैं? बिंदु कार्ड पर बच्चों का ध्यान ले जाएँ और उनसे पूछें कि उन्हें कोई पैटर्न दिखाई दे रहा है। इस गतिविधि को अन्य संख्याओं के लिए भी कीजिए। क्या आप इसे बिना बिंदु छिपाए भी कर सकते हैं?

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25

## संख्या पट्टी पर पीछे की ओर कूदिए और संख्या बताइए।





क. 9 से 3 कदम पीछे कूदिए।




9 – 3 = 6

ख. 7 से 4 कदम पीछे कूदिए।




7 – 4 = ______

## अपने तरीके से हल कीजिए

क. 8 – 2 = ______

ख. 7 – 3 = ______

ग. 9 – 5 = ______

घ. 6 – 3 = ______

ङ. 5 – 1 = ______

च. 4 – 2 = ______

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25